| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br><br>**रणजीत सिंह राठौड़**<br><br>**बनाम**<br><br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)**<br><br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353454532680666 | नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 29/04/26 | अपीलार्थी रणजीत सिंह राठौड़, निवासी 199, हनवंत ए वीजेएस कॉलोनी, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 05.03.2026 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) प्रकरण संख्या 3644/20/19/2025 एवं पूर्व RTI आवेदन संख्या 353439635088391 के संबंध में सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 109 दिनांक 16.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय हाजा के पत्रांक राजस्व/विविध/2026/03 दिनांक 02.04.2026 द्वारा दिनांक 03.04.2026 को ऑनलाईन आरटीआई पोर्टल पर प्रेषित की जा चुकी है।<br><br>अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(आलोक रंजन)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.29 11:18:25 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21895122

M e-Sign